**दिनांक 03.02.2025 को अधोहसताक्षरी की अध्यक्षता में आयोजित जल जीवन मिशन के समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त :-**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 03.02.2025 को दोपहर 12.00 बजे से अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक विकास भवन के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 व उनकी टीम के सदस्यगण, सहायक अभियन्तागण जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी, सहा0परियोजना प्रबन्धक नेघज तथा जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 एवं अन्य सलाहकार उपस्थित थे। बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं की समीक्षा की गई।

1 – विगत बैठक में श्रमिकों की संख्या 2120 के सापेक्ष दिनांक 03.02.2025 तक श्रमिकों की संख्या घटकर 600 तक हो गई है जबकि विगत बैठकों में परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 को श्रमिकों एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाये जाने हेतु निरन्तर निर्देशित किया गया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि एल0एण्ड टी0 द्वारा इस ओर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना जानबूझ कर की जा रही है। दिनांक 03.02.2025 को आयोजित समीक्षा बैठक में कार्य पर लगे श्रमिकों की संख्या मात्र 600 ही है, जो काफी कम है। श्रमिकों की संख्या नहीं बढ़ाये जाने की स्थिति में कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कराया जाना सम्भव नहीं होगा। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि परियोजना के कार्यों पर तत्काल श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर 2000 कराते हुए समयान्तर्गत कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही –अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण)/ परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0/ जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0।**

2 – दिनांक 03.02.2025 तक 527 नलकूपों का कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसके सापेक्ष 498 नलकूपों में डेवलप्मेन्ट का कार्य पूर्ण है तथा 477 नलकूपों में मोटर पम्प अधिष्ठापित कराकर 381 नलकूपों को क्रियाशील किया गया है। अधिष्ठापित 477 नलकूपों के सापेक्ष क्रियाशील नलकूपों की प्रगति काफी कम है जो संतोषजनक नहीं है।

| बैठक के दिनांक 03.02.2025 को प्रारम्भ नलकूप कार्य | दिनांक 25.02.2025 तक डेवलेप्मेन्ट पूर्ण किये जाने वाले नलकूपों की सं0 | दिनांक 25.02.2025 तक मोटर पम्प अधिष्ठापित की जाने वाली नलकूपों की सं0 | दिनांक 25.02.2025 तक क्रियाशील नलकूपों को बढ़ाये जाने की सं0 |
|---|---|---|---|
| 527 | 503 | 487 | 391 |

बैठक में एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि दिनांक 25.02.2025 तक नलकूपों में 10 मोटर पम्प का अधिष्ठापन एवं 10 नलकूपों को क्रियाशील करते हुए उपरोक्तानुसार कमशः 487 एवं 391 नलकूपों के कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें तथा अवशेष नलकूपों के डेवलेप्मेन्ट के कार्य में अपेक्षित प्रगति लायें।

**कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण)/ परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।**

3 – जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल स्वीकृत 531 योजनाओं के सापेक्ष अभी तक मात्र 513 परियोजनाओं पर ओवरहेड टैंक का कार्य प्रारम्भ कराया गया है परन्तु मात्र 346 ओवरहेड टैंक अधिष्ठापित कराकर 278 का कार्य ही पूर्ण कराया गया है। ओवरहेड टैंकों के पूर्णता की प्रगति काफी धीमी है, जिसकी प्रगति बढ़ाये जाने की आवश्यकता है।

CamScanner

| शिरोपरि जलाशय की संख्या | कार्य प्रारम्भ | दिनांक 25.02.2025 तक पूर्ण किये जाने वाले टैंक अधिष्ठापन की संख्या |
|---|---|---|
| 531 | 513 | 358 |

बैठक में परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि दिनांक 25.02.2025 तक पूर्ण किये जाने वाले टैंक अधिष्ठापन की संख्या 346 में 12 की वृद्धि कर 358 की संख्या तक कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें। परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि दिनांक 25.02.2025 तक ओवरहेड टैंकों का कार्य उपरोक्तानुसार संख्या के सापेक्ष पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

4 – जल वितरण प्रणाली के अन्तर्गत कुल 531 स्वीकृत परियोजनाओं के सापेक्ष अभी तक 517 योजनाओं पर पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है तथा प्रस्तावित पाइप लाइन की लम्बाई 8407 कि0मी0 के सापेक्ष अभी तक मात्र 6805 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाये जाने का ही कार्य पूर्ण कराया गया है तथा अभी तक मात्र 6124 कि0मी0 पाइप लाइन का हाइड्रो टेस्ट कराया गया है, जिसकी प्रगति काफी कम है।

| कार्य प्रारम्भ योजना की सं0 | प्रस्तावित लम्बाई | दिनांक 25.02.2025 तक पूर्ण किये जाने वाले पाइप लाइन | दिनांक 25.02.2025 तक पूर्ण किये जाने वाले हाइड्रो टेस्ट पाइप लाइन की ल0 |
|---|---|---|---|
| 517 | 8407 कि0मी0 | 6885 कि0मी0 | 6174 कि0मी0 |

परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि दिनांक 25.02.2025 तक 80 कि0मी0 पाइप लाइन तथा 50 कि0मी0 पाइप लाइन का हाइड्रो टेस्ट कराकर उपरोक्तानुसार प्रगति सुनिश्चित करायें।

इसी प्रकार प्रस्तावित गृह संयोजन संख्या 302490 के सापेक्ष अभी तक 242053 गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कराया गया है, जिसमें विगत माह की प्रगति में कोई वृद्धि नहीं की गई है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि कार्य पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराकर ग्राम वासियों का गृह संयोजन कराते हुए जलापूर्ति सुनिश्चित करायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

5 – कुल स्वीकृत 531 परियोजनाओं के सापेक्ष अभी तक मात्र 346 परियोजनाओं पर सोलर पैनेल का कार्य प्रारम्भ कराया गया है तथा 345 परियोजनाओं पर सोलर पैनेल अधिष्ठापित कराया गया है। आपूर्तित सोलर पैनेल के सापेक्ष कार्य प्रारम्भ एवं अधिष्ठापित कराये गये सोलर पैनेल की प्रगति धीमी है।

| कार्य प्रारम्भ परियोजनाओं की संख्या | दिनांक 03.02.2025 तक अधिष्ठापित कराये गये सोलर पैनेल की सं0 | दिनांक 25.02.2025 तक तक अधि0 किये जाने वाले सो0पै0 की सं0 |
|---|---|---|
| 358 | 355 | 370 |

CamScanner

परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि दिनांक 25.02.2025 तक 15 और सोलर पैनेल को अधिष्ठापित कराते हुए उपलब्ध सोलर पैनेल के सापेक्ष कार्य प्रारम्भ कराने तथा अधिष्ठापित कराये जाने वाले सोलर पैनेल की प्रगति में अपेक्षित वृद्धि लाना सुनिश्चित।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

6 – कुल स्वीकृत परियोजना 531 के सापेक्ष अभी तक मात्र 428 पम्प हाउस का कार्य प्रारम्भ कराया गया है तथा 379 पम्प हाउस का ही निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है, जिसकी प्रगति संतोषजनक नहीं है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि दिनांक 25.02.2025 तक 10 पम्प हाउस को पूर्ण कराते हुए श्रमिकों तथा मशीनों की संख्या बढ़ाकर समयान्तर्गत पम्प हाउस के निर्माण का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

7 – बैठक में एल0एण्ड टी0 द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 531 परियोजनाओं के सापेक्ष 528 परियोजनाओं हेतु भूमि उपलब्ध है तथा तहसील सदर के 03 परियोजनाओं में भूमि अनुपलब्ध/विवाद है। एल0एण्ड टी के प्रतिनिधि द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि कुछ परियोजनाओं में छोटी–छोटी समस्यायें थीं जिनमें 08 प्रकरणों का निराकरण हो गया हैं शेष का निराकरण कराया जाना है।

परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 से पूछे जाने पर बताया गया कि पेयजल परियोजना परिसर में मिट्टी भराई हेतु विकास खण्डों से मिट्टी उपलब्धता के स्थल से सम्बन्धित प्राप्त सूची के सापेक्ष लगभग 12 परियोजनाओं के परिसर में मिट्टी भराई का कार्य कराया गया है, शेष परियोजनाओं में मिट्टी भराई का कार्य कराया जाना बाकी है। परियोजना प्रबन्धक को बताया गया कि विकास खण्ड सेवापुरी के डोमैला में तालाब खुदाई का कार्य चल रहा है जिसमें मिट्टी प्राप्त किया जा सकता है।

परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से सम्पर्क कर शेष समस्याओं का निराकरण नियमानुसार कराना सुनिश्चित करायें, साथ ही मिट्टी उपलब्धता स्थल से मिट्टी उठवाकर परियोजना परिसर में मिट्टी भराई का कार्य पूर्ण करायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

8 – जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु खड़ंजा/ इण्टरलाकिंग/ सी0सी0रोड/ डब्ल्यू बी0एम0 रोड एवं बिटूमिन रोड 1061 राजस्व ग्रामों में क्षतिग्रस्त की गई है जिसके सापेक्ष अब तक 699 राजस्व ग्रामों में पूर्णरूप से मरम्मत कराया गया है तथा 362 राजस्व ग्रामों में निर्माणाधीन है। कटिंग किये गये सड़कों का मरम्मत ससमय मानक के अनुरूप नहीं किये जाने के कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है तथा ग्रामीणों द्वारा निरन्तर शिकायतें प्राप्त हो रही है। कन्ट्रोल रूम से सड़कों के मरम्मत कार्य का सत्यापन कराये जाने पर पाया गया कि जिन सड़कों का पूर्णरूप से मरम्मत दर्शाया गया है, वास्तव में उसके मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया है, यह स्थिति अत्यन्त ही खेदजनक है।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी एवं परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि मरम्मत कराये गये सड़कों का पुनः सत्यापन कराकर अधूरे सडकों के मरम्मत का कार्य गुणवत्ता पूर्ण ढ़ंग से ससमय कराना सुनिश्चित करायें तथा अवशेष राजस्व ग्रामों के सडकों का मरम्मत तत्काल कराना सुनिश्चित करायें, जिससे कि ग्रामीणों की समस्या का निराकरण हो सके।

CS CamScanner

जे0जे0एम0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है तथा शिकायत पंजीका में विवरण का अंकन ठीक प्रकार से नहीं किया जा रहा है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी द्वारा नियमित रूप से इसका अनुश्रवण नहीं किया जा रहा है और शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरती जा रही है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया जाता है कि शिकायत पंजिका तथा शिकायतों के निस्तारण का नियमित अनुश्रवण कर गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित करायें, साथ ही विकास खण्डों में तैनात अपने विभागीय अवर अभियन्ताओं एवं एल0एण्ड टी0 के साथ संयुक्त रूप से क्रास वेरीफिकेशन भी करायें। सड़कों के मरम्मत तथा शिकायतों के निस्तारण के सत्यापन में यदि भविष्य में किसी प्रकार की विपरीत परिस्थिति पाई जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

**कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम ग्रामीण/ परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0/ श्री संदीप कुमार विश्वास कन्ट्रोल रूम प्रभारी।**

9 – स्वीकृत 531 परियोजनाओं के सापेक्ष 381 परियोजनाओं से 753 राजस्व ग्रामों में जलापूति की जा रही है, जिसमें 184 परियोजनाओं में ओवर हेड टैंक के माध्यम से तथा 197 परियोजनाओं में नलकूप के माध्यम से जलापूर्ति हो रही है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक परियोजनाओं के कार्यों को पूर्ण कराकर जलापूर्ति सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।**

अतः सम्बन्धित को इस निर्देश के साथ कि दिये गये उपरोक्तानुसार निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते करते हुए कृत कार्यवाही से अवगत करायें।

(हिमांशु नागपाल)
मुख्य विकास अधिकारी
वाराणसी।

# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी–वाराणसी।

पत्रांक– 2610 /ज0जी0मि0/बैठक कार्य0/2024–25 दिनांक– 07 फरवरी,2025

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 – जिलाधिकारी महोदय,वाराणसी की सेवा में अवलोकनार्थ प्रेषित।
2 – जिला विकास अधिकारी,वाराणसी।
3 – अधिशासी अभियन्ता, जल निगम,ग्रामीण,वाराणसी।
4 – श्री संदीप विश्वास, प्रभारी कन्ट्रोल रूम, विकास भवन,वाराणसी।
5 – परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0, वाराणसी।
6 – परियोजना प्रबन्धक, मेधज,वाराणसी।
7 – जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0–वाराणसी।

मुख्य विकास अधिकारी
वाराणसी।

CamScanner